जैसे उकाब घोसले को हिलाता है

आइये हम प्रार्थना के लिए एक क्षण खड़े रहे।

2 यह सारी अंतिम सभाए सदा मुझे आगे ले जाती है कैसे भी जब हम एक दूसरे को पाते हैं और जानकारी के लिए सीखते हैं, क्यों, और संगति आरंभ करते हैं, तब यह समय है कि कहीं और जाए यह सदा मुझे थोड़ा दु:खद अनुभव देता है। परन्तु आगे की ओर देखते हुए, मैं उस दिन की प्रतीक्षा कर रहा हूं, जब हम सब फिर से मिलेंगे और एक स्थान में होंगे संभवत: यदि यीशु हमारे इस संसार में फिर दुबारा मिलने से पहले आता है, जहां कि हम कभी भी, कभी भी अलग ना होंगे।

3 मुझे आश्चर्य है कितने चाहते हैं कि उन्हें परमेश्वर के सम्मुख स्मरण रखा जाए, इस दोपहर बाद जैसे कि हम अपने हाथों को प्रार्थना में उठाते है? प्रभु आपको आशीष दे।

हम एक क्षण के लिए अपने सिरों को प्रार्थना में झुकायेंगे।

4 सर्वशक्तिमान परमेश्वर, स्वर्ग और पृथ्वी के रचने वाले और अनंत जीवन के लिखने वाले, और हर अच्छे वरदान के देने वाले, हम प्रार्थनाओं के द्वारा तेरे अनुग्रह की छाया में तेरे पुत्र यीशु के नाम के द्वारा आते हैं कि तुझे तुलसा की इन महान सभाओं के लिए अपने धन्यवाद चढ़ाये, इनका हमारे लिए क्या अर्थ है, हमारे हृदय में एक स्थान कि हम इन अच्छे लोगों को कभी भी नहीं भूल पायेंगे। यदापि, तेरा पवित्र आत्मा उनमें है क्या ही संगति थी हमारे जीवन में स्वर्ग का एक छोटा सार्ष, एक अनुभव जो हम कभी नहीं भूल पायेंगे। पिता, हम प्रार्थना करते हैं कि आपका आत्मा इन लोगों में सदा बना रहे। होने पाए, इस छोटे मंडली की सुगंध समस्त राष्ट्र की प्रत्येक कलीसिया में बेदारी का कारण हो महान चिन्ह और आश्चर्य कर्म पूरे हो। प्रभु, हम प्रार्थना करते हैं कि आप इन चीजों को प्रदान करेंगे।

5 यहां इस मेज पर इस दोपहर बाद रुमाल रखे हुए हैं, और चीजों के टुकड़े जो की बीमारों और अपाहिज के पास जा रहे हैं। सर्वशक्तिमान परमेश्वर, मैं तुझसे यीशु के नाम में प्रार्थना करता हूं कि जो कोई भी इन्हें छुए वह रोगी चंगा हो जाए; पिता, यह केवल मेरी अपनी प्रार्थना नहीं है, परंतु इस

दोपहर बाद इस महान सभागार में भरे हुए मसीहो की है, हम इसे एक मत हो कर चढ़ाते हैं, उनके लिए, जो आवश्यकता में है।

6 प्रभु, हम प्रार्थना करते हैं कि आज आगे के अभ्यास में हमें आशीषित करेंगे। आज रात्रि कलीसिया के लिए प्रार्थना करते हैं, होने पाए वहां महिमा और ना बता सकने वाला आनंद हर कलीसिया में हो इस दोपहर बाद अपनी उपस्थिति की भरपुरी हमें दे। पवित्र आत्मा वचन में आए और वचन हमारी देह में आ जाए और इस दोपहर बाद हमारे संग वास करें। क्योंकि हम यह यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन।

आप बैठ सकते हैं।

7 प्रत्येक और प्रत्येक सेवक सब कार्यकर्ताओं को अभिरक्षक और स्वागतको को और सब मैं स्वयं से और मेरा दल भाई डेविड, भाई रोय, बिली पौल लोयस भाई फ्रेड सोथमन भाई जिम मेंगयर, भाई जीन, और लियो, हम सब आपकी कृपा के लिए सबको धन्यवाद देना चाहते हैं और इस सभा में जो आप हमारे लिए है। निश्चय ही आप हमारे लिए अच्छे हैं, ऐसा सम्मान और प्रेम हमारे ह्रदय में आपके लिए भर दिया यह कभी भी नहीं मिटेगा यह अमिट है। और हम विश्वास करते हैं कि परमेश्वर आप लोगों को और बढ़कर बहुतायत से सब के ऊपर यहां तक की आप जो सोचें या मांगे परमेश्वर आपको दे, आपको अपने पुत्र का अनुग्रह बहुतायत से दे, यीशु मसीह।

8 भाई टोमी ओजबर्न वह यहां इस सभा में है प्रभु परमेश्वर भाई टोमी के संग हो। भाई ओरल ने इस दोपहर बाद आरंभ किया है और मैं सोचता हूं कि उनके पैर कि कोई मांसपेशी या कुछ दब या खींच गया और जैसे ही सभा समाप्त हुई, मैंने उनके लिए प्रार्थना करने हेतु मार्ग लिया। और अब भाई रॉबर्ट का कर्मचारी गण और भाई टॉमी का कर्मचारी गण कलीसियाओ और सारे, मेरी प्रार्थना है कि परमेश्वर आपके संग हो। आप—आप सदा मेरे ह्रदय में रहेंगे इस समय के लिए तुलसा स्थिर रहे और परमेश्वर के कार्य इसमें बने रहे यह हमारी प्रार्थना है और हम आशा करते हैं किसी समय आपके साथ फिर वापस आए।

9 और यदि कभी आपके पक्ष में हो सके किसी भी रीति से मैं यह कहा करता हूं; रात्रि कभी भी इतनी अंधेरी नहीं होती या वर्षा इतनी अधिक नहीं होती परंतु जो हमारी सामर्थ में आपके करने के लिए होगा कि जीवन थोड़ा

और आरामदायक हो आपको आशीष मिले यदि हम आपकी कोई सहायता कर सकते हैं तो हमें बतायें। बस हमें जैफरविले इंडियाना बटलर 2−1519 पर बात करें या मुझे जेफरसन विले फोन करें [टेलीफ़ोन नंबर बदल चूका है—सम्पा।] हम आपको प्रार्थना के कपड़े भेजेंगे, आपके लिए प्रार्थना करेंगे कुछ भी जो आपके लिए कर सकते हैं। प्रभु में हम आपके दास हैं।

10 इसलिए सभाओं का अंत पर आना एक प्रकार से बुरा है, इस प्रकार से जब आपका बहुत शानदार समय था, परंतु जो भी है, किसी समय हमें जाना ही है।

11 यह जानते हुए, कि यह बस नदी के पार किसी दिन जब यह जीवन पूरा हो जाए, और मैं वहां महान मेज पर बैठता हूं, यह आकाश से आकाश तक फैली होगी, विवाह का भोज और हम मेज के आर पार एक दूसरे को देखेंगे और हम ओकलैंड के इन क्षणों को स्मरण करेंगे। कोई संदेह नहीं, आनंद के छोटे−छोटे आंसू हमारे गालों पर से नीचे लुढक सकते होंगे और राजा अपनी सुंदरता में अपने प्रिय सफेद पोशाक में बाहर आएगा हमारी आंखों से सारे पोछ देगा, और कहता है, "अब और मत रो। अब यह सब समाप्त हो गया। प्रभु के आनंदो में प्रवेश करो जो कि तुम्हारे लिए जगत की उत्पत्ति से पहले तैयार किया गया था।" उसी घड़ी के लिए मैं जीवित हूं।

12 मैं यहां अपने सहायक सेवकों को देखता हूं और बहुत सो को अपने से अधिक आयू का देखता हूं। संभवत: यहां सड़क पर गिटार, खंजडी के साथ खंडजो के मार्ग को बनाते हुए, बढ़िया पत्थर लगाते हुए और उबड़ खाबड़ स्थानों को एक सार करते हुए, ताकि ये सेवकाई जो मुझे प्रभु ने दी है, समतल मार्ग पर बढ़ती रहे।

13 मेरे अमूल्य भाइयों, यहां खड़े होकर छोटा अनुभव करता हूं, और आप वहां नीचे। यह ठीक बात है। कोई सम्मान जो देना है यह आपको जाता है। परमेश्वर सदा आपको बहुतायत से आशीष दे। उस दिन जब पुरस्कार दिया जाए मैं आशा करता हूं, वहां उपस्थित खड़े हुए जब मैं आपको उसकी महिमा में ताज पहने हुए देखता हूं।

14 कुछ एक क्षणों पहले, मैं वहां पीछे एक सेवक से बातें कर रहा था उसका नाम भाई नाथन है उसने कहा वह यहूदियों के बीच में कार्य करता हूं। और उसने कहा, "भाई ब्रन्हम, पहली रात्रि जब आप यहां थे… " वह

और उसकी पत्नी बीमार थी। और कहा, “आपने सभा में से पुकार और मुझे बताया कि मैं कौन था और मेरी पत्नी के विषय में और उसकी बीमारी,” कहा, “वह चंगी हो रही थी, तभी से अच्छी है।” और बहुत से अच्छे पत्र और गवाहीयां!

15 अब, संभव है आपको अपना रुमाल यहां ना मिला हो। यदि हम आपकी किसी रीति से सहायता कर सकते हैं, आपको छोटा कपड़ा भेजते हैं, अब, एक छोटा रूप होगा हमारे पास प्रार्थना की सूची है जो समस्त संसार से है, लोग सारी रात्रि हर घंटे उठते हैं और इस प्रार्थना की सूची को रखते हैं। वहां पूर्व के समय से, हम प्रात: नौ बजे प्रार्थना करते हैं, बारह बजे और तीन बजे यह पुराने यहूदियों के नियम में बलिदान का समय है। और हम प्रार्थना करते हैं कि और समस्त संसार में लोग विभिन्न समयो में उठते हैं, एक महान प्रार्थना की श्रृंखला कि हम सब मिलकर प्रार्थना करते हैं एक दूसरे के लिए, इसलिए मैं निश्चित हूं कि परमेश्वर प्रार्थना सुनेगा। ऐसी शानदार बातें आती है, जो उसने की है। और हम चाहते हैं कि आपको प्रार्थना की सूची में उन घंटों में अपने साथ रखें।

16 और अब कोई संदेह नहीं परन्तु जल्द ही प्रभु ने चाहा, तो मैं फिर से समुंदर पार होऊंगा।

17 हम थोड़ा सा पैसा जमा कर रहे हैं। और यदि हुआ प्रभु मुझे कहने दे, ताकि मैं याद रख सकू। उन्होंने दो प्रेम चढ़ावे लिए हैं, मैं विश्वास करता हूं, मेरे लिए। आप जानते हैं कि मैं कितनी सराहना करता हूं। अब, एक भी पैसा मेरे व्यक्तिगत के लिए नहीं होगा यह कलिसियाओ कि स्थापना जो समुंदर पार उद्देश्य है। समझे? और हम जो सबसे अच्छा कर सकते हैं कि पैसा उन लोगों के लिए जाए जो सुसमाचार नहीं सुन सकते, आने योग्य नहीं है और हम अपना सबसे अच्छा करते हैं। परमेश्वर सदा आपको बहुतायत से आकर्षित करें, यह मेरी सच्ची प्रार्थना है।

18 और अब, यदि आप इन कपड़ों में से एक चाहते हैं, तो बस हमें लिख भेजें। और पोस्ट ऑफिस बोक्स 325 या बस जैफरसनविले, इंडियाना, यह मेरे पास आ जाएगा। और यदि आप इसे अपनी बाइबल में रखना चाहते हैं, तो इसे प्रेरितो के काम 19 में रखें। और बहुत से लोगों ने मुझे बताया है।

19 एक महिला ने कहा, मैं विश्वास करता हूं कि एक वाहन उसके पुत्र को मार गया और वह लहू बहने से मरने पर था, शीशे से घाव लगा, इसलिए वह जल्द ही भागी और इस रिबन को लिया। वह वहां थी... गांव में रहती थी। और उस छोटे से रिबन को लड़के पर डाल दिया और तुरंत ही लहू रुक गया। और इस प्रकार की बहुत सी बातें।

20 जर्मन में एक स्त्री को लकवाग्रस्त यह बताता है कि आपको क्या करना है, अपने मसीही पड़ोसियों को एकत्र करें जब यह कपड़ा आपके हृदय के ऊपर डाला जाए। और उसने कहा जब सब कुछ किया जा चुका जिस प्रकार कि यह था... वह बहुत वर्षों से लकवाग्रस्त थी। और कहा और जब उसने यह पूरा कर लिया, उसने कहा, "शैतान कि अब तेरे पास किसी भी चीज के लिए स्थान नहीं है, मेरे पास से दूर हो।" कुर्सी से उठी और चली गई।

21 यह इतना ही सरल है। समझे? इसलिए यदि आप एक चाहेंगे यह बिना कीमत के और दाम के हैं। बस, इसे भेज दे और हम सीधे आपके पास डाक से भेज देंगे। अब, आप एक—एक अनुलेखित कागज पाएंगे कि कैसे करें परंतु स्मरण रखें मैंने स्वयं भी प्रार्थना की है उस कपड़े पर जो आपको भेजा जाएगा। यदि मेरा बालक बीमार था, मेरी पत्नी, या मेरे पिता और मां और मुझे किसी की प्रार्थना का विश्वास होता तो मैं उसके सचिव की प्रार्थना नहीं चाहता, मैं नहीं चाहता कि वे प्रार्थना करें, मैं उसे ही चाहता कि वही उस पर प्रार्थना करें, "दूसरों के साथ वैसा ही करो जैसा तुम चाहते हो कि वे तुम्हारे साथ करें," सुनहरा नियम, इसलिए हम निश्चित ही प्रसन्न होंगे कि आपकी किसी प्रकार की सहायता करें, जो कर सकते हैं। अब परमेश्वर सदा आपको आशीष दे।

22 और चीज जो कि गई है बहुत ही मिठास और प्रेम में की गई है, और हम इसकी बहुत सराहना करते हैं।

23 अब, जब मैं विदेश में हूं यह सदा कठिन है, क्योंकि जादूगरनियां और जादूगर वे आप पर आक्रमण करने से नहीं डरते। यहां अभी हाल ही में किसी स्थान में दो और लगभग पंद्रह जादूगर मंत्र उस ओर छोड़ते और कहा कि वे तूफान को बुलाएंगे और यह मुझे लड़ा देगा। और, विश्वास करें या ना करें तूफान आया। लगभग तीस हज़ार लोग और जितना हो सकता था स्थान हिल रहा था।

24 भाई आरगन ब्राईट क्रिश्चियन बिजनेसमैन के आप भाई उन्हें जानते हैं। वह मेरे पीछे बैठे थे। उसने कहा, “भाई ब्रन्हम।”

25 मैंने कहा, “बस शांत बैठे रहे। पवित्र आत्मा ने मुझे यहां भेजा है।” यही कारण है, मैं कहीं नहीं जाता, जब तक वह पहले मुझे ना भेजें, तब मैं जानता हूं कि मैं प्रभु के नाम में आया हूं। समझे? मैंने कहा, “उसने मुझे यहां भेजा है।”

26 उन्होंने बहुत बड़ा स्थान बनाया था जहां वे जैसे कि दो गुणा चार का और उस पर बड़ा तंबू का कपड़ा लगाया और वह स्थान ऊपर नीचे हो रहा था, ठीक उसमें... दोपहर के लगभग दो बजे जितना साफ यह हो सकता था, और वह तूफान तीस मिनटो में आ गया। और मैं बस रुक गया। मैंने कहा, “आपको इसका अनुवाद नहीं करना है।” दोनों ओर से दृष्ट शक्ति का अनुभव होता है। और वे वहां बैठे हुए थे, कैंची से कटे हुए पंखों के साथ हाथ घुमा रहे थे। आप जानते हैं, वे कैसे करते हैं।

27 मैंने कहा, “प्रभु परमेश्वर, स्वर्ग और पृथ्वी के रचने वाले आप ही है, जिसने मुझे यहां भेजा है। आप ही इस सेवकाई के उत्तरदाई है, जिसे मैं आपके लिए करता हूं, मैं इस तूफान को प्रभु यीशु के नाम में डांटता हूं।”

28 और पीछे को अलग कर दिया। गर्जन निकल गई, और सूर्य चमक रहा था दो मिनट के भीतर ही वहीं। और हजारों वेदी की ओर दौड़े और साम्यवाद विचार वाले और सब कुछ। और कैसे...

29 मैं यहां खड़ा हो कर गवाहियों को नहीं बता सकता, क्योंकि मेरी अपनी सभा में यह अच्छा होगा यदि दूसरे इसे करें। परंतु, खुलेपन में, मैं कहना चाहूंगा वहां पर एक ज्ञान कोष होगा बहुत सी पुस्तकें लिखी जा सकेगी जो कि मैंने प्रभु यीशु को अपनी छोटी सेवकाई में करते देखा। आप क्या सोचते हैं यह ऐसे मनुष्य होंगे जैसे भाई टॉमी ओसबोर्न, भाई ओरल रॉबर्ट? यह महान है, हमारा प्रभु महान है। निश्चय ही, वह है।

30 अब इस दोपहर बाद मैं कुछ पवित्र वचन पढ़ना चाहता हूं। मैंने यहां कुछ जगाहे लिखी हुई है, यदि यह मुझे मिले। और फिर हम लोग... मैं विश्वास करता हूं मेरे पुत्र ने मुझे बताया कि उसने कुछ प्रार्थना पत्र दिए हुए हैं, और हम रोगियों के लिए प्रार्थना करने जा रहे हैं।

31 यदि मैं आप लोगों पर फिर से अपनी दृष्टि कभी ना डालू, यदि मैं आप लोगों को इस जीवन में कभी ना देखू जब मैं आपको उस द्वार पर मिलता

हूं इसके पहले मसीह के समक्ष खड़े होने को जाए वे दर्शन परमेश्वर कि ओर से सच्चे और वास्तविक है प्रभु का स्वर्गदूत और वह अग्निस्तम्भ और ज्योति, सर्वशक्तिमान परमेश्वर ने मेरी ऐसी सहायता की, मेरा न्यायी यह वहां है यह सत्य है। जी हां। इसलिए कि आप जान जाएंगे कि यह—यह सच है, परमेश्वर सत्य है वह गलत नहीं हो सकता और परमेश्वर बना रहे, वह... वह गलत नहीं हो सकता क्योंकि उसे वास्तविक होना है यदि कोई चीज गलत है तो वह शैतान है। परंतु वह ज्योति, मैंने इसे देखा है, उसकी ओर ताका है। और मेरे लिए... कृपया मुझे क्षमा करें यदि मैं धर्म विरोधी कार्य कर रहा हूं परंतु, मेरे लिए, यह वही अग्नि स्तंभ है जो इस्त्राईल के बालकों के संग चला।

32 क्योंकि यह एक मनुष्य में रहा जो यीशु कहलाया, जो कि परमेश्वर का पुत्र था, और जो जीवन वह जिया आज फिर से उत्पन्न किया गया है उसी चीज के द्वारा। उसने कहा, "मैं परमेश्वर में से निकल कर आया हूं, मैं परमेश्वर के पास जाता हूं।" हम सब यह जानते हैं। "मैं परमेश्वर से निकल कर आया हूं, और परमेश्वर के पास जाता हूं।" उसने कहा, "मैं हूं, जो हूं सो हूं।" वह अग्नि स्तम्भ था। वह स्वर्गदूत था जो झाड़ी में था। वह देहधारी बना और हमारे बीच रहा वापस गया। और आज वह वही रूप है। क्या आपको यह मालूम था?

33 अच्छा, आप कहते हैं, "यीशु था... " ठीक है, मैं—मैं परमेश्वर के विषय में बातें कर रहा हूं, जो यीशु में था।

34 जब पौलुस दमिश्क की राह पर था एक ज्योति ने उसे नीचे गिरा दिया, एक अग्नि स्तम्भ। बाकी किसी ने उसे नहीं देखा, परंतु पौलुस ने उसे देखा। यह इतनी थी कि उसे अंधा कर दिया। और उसने कहा, "प्रभु तू कौन है? "

35 उसने कहा, "मैं यीशु हूं।" वह वापस परमेश्वर के पास चला गया, जहां से वह आया था।

36 मेरे लिए, वह वही आज है, अपने कार्यों को हममें, ने पूरा कर रहा है, अंतिम दिनों में कलीसिया।

37 आइए व्यवस्था विवरण 32:11 निकालें, मूल पाठ की छोटी सी भूमिका हम प्रार्थना पंक्ति को लेने का यत्न करेंगे, और एक घंटे के भीतर, यदि संभव हुआ। [एक बहन भविष्यवाणी करती है—सम्पा।]

38 ओह पिता परमेश्वर, मैं कितनी नम्रता से इसे हृदय में स्वीकार करता हूं। मेरे पैरों की अगुवाई कर प्रभु, मेरा हाथ पकड़। मैं कभी भी किसी के लिए ठोकर का पत्थर ना बनू, परंतु मैं सीढ़ी का पत्थर बनू उस हर यात्री के लिए। प्रभु, इसे ग्रहण करें। मैं कभी भी कुछ भी अपने जीवन में ऐसा करूं कि आपके नाम पर छाया पड़े या आपके लिए कारण बनू मैं वही सब करूंगा जिससे आपकी सेवा कर सकूं। इसके लिए आपको धन्यवाद आपके पुत्र यीशु मसीह के नाम में, मेरा प्रभु। आमीन।

39 यह मेरे हृदय को कितना नम्र करता है व्यवस्थाविवरण 32:11, "जैसे एक… " [एक बहन भविष्यवाणी करती है—सम्पा।] आमीन। [दूसरी बहन भविष्यवाणी करती है] आमीन। प्रभु का नाम धन्य हो। [दूसरी बहन भविष्यवाणी करती है।] प्रभु हम तेरा धन्यवाद करते हैं, कि उसका आत्मा हमारे मध्य में कार्य करता है, हमारे बीच में!

> *जैसे उकाब अपने घोसले को हिला हिलाकर अपने बच्चों के ऊपर मंडलाता है वैसे ही उसने अपने पंख फैला कर उसको अपने परो पर उठा लिया:*

40 यह बहुत अधिक पवित्र वचन नहीं पढ़ रहा हूं, परंतु यह परमेश्वर का वचन है। संभव है, यह पर्याप्त हो, परमेश्वर इसी में से पाठ देगा अगले 20 या 30 मिनटों में यह लोगों को जगाने का कारण होगा, और प्रभु यीशु के लिए सोचने के लिए।

41 आप जानते हैं कभी पहले मैंने *अब्राहम लिंकन की जीवनी से* एक कहानी पढ़ी। एक व्यक्ति जेल में था वह संघ के अधीन अभियुक्त था, और उसे गोली मारा से मारा जाना था। और उसका एक अच्छा मित्र राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन के पास गया एक अच्छा मसीही व्यक्ति। और उसने कहा, "श्रीमान लिंकन मैं जानता हूं कि आप एक भले मनुष्य है कि आप एक मसीही है और इस संघिय अभियोग के अधीन इस मनुष्य ने सेना नियम नियंत्रण का उल्लंघन किया है। वह मेरा मित्र है। उसका ऐसा करने का भाव नहीं था। वह इसे करने का दोषी है। उसकी मंशा ऐसा करने की नहीं थी। क्या कृपा करके आप… आप ही केवल एक मनुष्य है जो उसके जीवन को बचा सकता है, क्या आप उसका जीवन नहीं बचायेगे? " और श्री लिंकन के शिष्ट व्यवहार ने अपना पंखा वाला कलम उठा कर कागज के टुकड़े पर लिखा, क्योंकि वह अपनी मेज पर नहीं थे, उस समय, कि उस पर

अधिकारिक मोहर लगाते। और इसलिये उसने उस पर लिखा, "मैं इस व्यक्ति को क्षमा करता हूं।" और अपने नाम "अब्राहम लिंकन" के हस्ताक्षर कर दिए।

42 इस मनुष्य का यह बहुमूल्य मित्र जितनी जल्द जेल को जा सकता था, गया, और कहा, "ओह मेरे मित्र, आप स्वतंत्र हैं। आप स्वतंत्र हैं। यहां राष्ट्रपति का नाम इस कागज़ के टुकड़े पर है, तुम क्षमा कर दिए गए हो।"

43 और व्यक्ति ने कहा, "मेरा उपहास मत उड़ाओ, क्योंकि मैं अब मरने के लिए तैयार हूं, क्योंकि मुझे मृत्युदंड मिला है। और यहां तुम इस कागज़ के टुकड़े से मेरा उपहास उड़ाने आए हो। यदि यह कागज का टुकड़ा अब्राहम लिंकन की क्षमा का था, तो यह मोहर आदि से सुसज्जित होता।"

44 उसने कहा, "श्रीमान, यह राष्ट्रपति का नाम है। आपकी क्षमा हो गई है।" और इस पर व्यक्ति ने अपनी पीठ घुमा ली, और इसे नहीं सुनेगा।

45 अगली प्रात: दिन निकलते, उस व्यक्ति को गोली चलाने वाले दल के सामने गोली मार दी गई। अब यह राष्ट्रपति से क्षमा है, जो कहता है, "इस व्यक्ति को मत मारो," एक दिन हस्ताक्षर किए गए। अगले दिन, उस व्यक्ति को गोली मार दी गई थी।

46 तब संघ की अदालतों में मुकदमा चला। और जब अदालत संयुक्त राज्य अमेरिका की संघिय अदालत ने मुकदमा चलाया, और यहां अदालत का न्याय था। "एक क्षमा तब तक क्षमा नहीं होती जब तक कि क्षमा के समान उसे स्वीकार ना किया जाए।"

47 और इसी प्रकार से परमेश्वर का वचन है। यह आपके लिए चंगाई है, यदि आप इसे चंगाई के समान स्वीकार करें यह आपके लिए क्षमा है, यदि आप इसे क्षमा के समान स्वीकार करें। *यहां* हर आशीष आपकी है यदि आप इसे परमेश्वर के लिखे हुए के अनुसार स्वीकार करें।

> *जैसे उकाब अपने घोसले को हिला हिला कर अपने बच्चों के ऊपर मंडलता है... उनको अपने परों पर उठा लिया, और उन्हें सहा।*

48 कितनी बार मैंने सोचा अपनी विरासत से परमेश्वर ने उकाबो क्या जोड़ा है! और मैंने बाइबल में पाया कि परमेश्वर स्वयं को उकाब कहता है। वह यहोवा उकाब है। और वह इसे कैसे करेगा?

49 इस प्रकार मैं प्रकृति वादी हूं। इसलिए मैं... प्रकृति मेरी पहली बाईबल थी। यदि आप ध्यान दे कि प्रकृति किस प्रकार कार्य करती है, आप परमेश्वर को पा सकते हैं। आप कहीं भी देखें आप परमेश्वर को देखेंगे, यदि परमेश्वर आपके ह्रदय में है और उस पर ध्यान दें। अब, जब वे दो बार जन्म की बातें करते हैं, और वे चीजें यह मूर्खता है; यह नहीं हो सकता।

50 हम पाते हैं कि पेड़ मरता है और भूमि में चला जाता है, बीज सड़ता है यह फिर जीवित होता है। यह पुनरुत्थान है। और सारी मसीहत पुनरुत्थान पर आधारित है। और हम यह देख सकते हैं कि यह सत्य है; मरना, गाडा जाना पुनरुत्थान, गर्मी, जाड़े। और सारी प्रकृति इसमें मिलती है।

51 मेरी पहली बाईबल, उन मरे हुए पेड़ों को देखना था कैसे किल्ला फिर फूटता है; कैसे हवा इस पर बहेगी वह फिर से वापस आएगा, कैसे छोटा फूल मर गया, फिर से जीया। और वह सारी विभिन्न चीजे, इसने मुझे जानकारी दी कि कहीं पुनरुत्थान की सामर्थ है।

52 अब, पेड़ का निरंतर जीवन है। हमारे पास अविनाशी जीवन है। पेड़ अपनी अंतिम समाप्ति पर आ जाएगा। हम कभी नहीं हो सकते; हमारे पास अविनाशी जीवन है।

53 जब मैंने इसे पढ़ा तो मैंने उकाब का अध्यन करना आरंभ किया। कि उकाब के विषय में क्या है? मैंने पाया कि उकाब एक भिन्न पक्षी है। वह किसी भी पक्षी से जो है बहुत ऊंचा उड़ सकता है वह विशेष बना हुआ पक्षी है। वह ऊंची चट्टानों में अपना घोंसला बनाता है। वह बहुत ही विचित्र पक्षी है। और दूसरी बात उसके पंख इतने कसे हुए होते हैं कि आप कठिनता से ही उसे प्लास से खेच नहीं सकेंगे। वह बड़ा विशाल पक्षी है, बड़े–बड़े पक्षियों में से एक है। और वह बहुत विचित्र पक्षी है। परंतु वह विशेष प्रकार का बना है क्योंकि उसे करने के लिए विशेष कार्य है।

54 *उकाब* शब्द का अर्थ है "चोंच से फाड़ने वाला।" और वह चोंच से खाता है। परमेश्वर के वचन की बहुत सुंदर चीज मुंह से मुंह में खाता है, परमेश्वर अपने बालकों को खिलाता है।

55 और फिर वह अपना घोसला ऊंचे पर बनाता है, और उसमें यह किसी विशेष उद्देश्य से है, और आदि–आदि। अब यदि... उकाब के बड़े सामर्थी पंख होते हैं। यह छुटकारे के लिए है।

56 दूसरी चीज जो उकाब करता है वह विचित्र है। वह अपनी युवावस्था को नया कर लेता है। उकाब बहुत समय पश्चात चक्र चला कर, फिर से युवा उकाब में हो जाता है, स्वयं को वापस लाता है। वह अपनी युवावस्था को नया कर लेता है।

57 यह दूसरे प्रकार की कलीसिया है, परमेश्वर के लोग। हम नीचे की ओर चले जायेंगे एक प्रकार से घिसे पिटे हो जाते हैं, तब एकदम से पवित्रआत्मा आता है और हमें फिर नया बना देता है। परमेश्वर, नया अनुभव देता है, और उसकी कलीसिया की युवावस्था, उन्हें नया अनुभव देता है। यह एक उकाब का प्रकार है।

58 कुछ वर्षों पहले मैंने बहुत ही घुड़सवारी की है, चारगाहों में। और हम लोग केलेरोड़ा में ट्रबलसम नदी पर थे। हियरफोर्ड एसोसिएशन के घास के मैदान वह अरफाहो की चरागाह और आदि–आदि और पहाड़ों पर चारों ओर। और हम पशुओं को वहां ले जाया करते थे। और वर्ष के अंत में हमें उन्हें फिर से बाहर हंकाना पड़ता था उन्हें राष्ट्रीय जंगल में रखते। फिर हम अपना भूसा नीचे की ओर उगाते, कि जाडो के समय में खिलाये।

59 और मैं हर वर्ष वहां जाता कि खोजू। मैं अब भी करता हूं। और मेरा एक मित्र, लोग जब शहर छोड़ कर नीचे चले जाते तो हम वापस जाकर नर हिरण, हिरनियो और एल्क हेल्थ के सांड जो इधर–उधर घूमते उन्हें मारते, जो नीचे होते। क्यों, हम वापस ऊंचाइयों पर जाते, जहां आप अंदर नहीं घुस सकते और बाहर अपने डेरे डालते। वह पूर्व को लेता, पूर्व या पश्चिम का सड़क शाखा को तो मैं दूसरी लूंगा, हमें आपस में मिलने में बहुत दिन लग जाते।

60 मैं एक वर्ष को कभी नहीं भूलूंगा, बर्फ नहीं पड़ी थी, यह अक्टूबर के लगभग जब ऋतु आती है।

61 और यदि पहाड़ों पर बर्फ होती... क्यों, संभव है अक्टूबर में यह, दोपहर बाद जरूर आएगा, हो सकता है दूसरे घंटे में बर्फ पड़ेगी। तब इसकी वर्षा होकर बंद होगी और फिर सूरज निकलेगा, मौसम में बदलाव। परंतु फिर, जब बर्फ आती है, तो यह एल्क और हिरण और बड़े वालों को जो ऊपर रखते हैं, नीचे जाते हैं शहर के शोर गुल से दूर और यह घाटी में नीचे चले जाते हैं। जहां पर अक्सर आप शिकार पाते हैं।

62 इस वर्ष, अभी तक बर्फ नहीं पड़ी थी और मैं वहां ऊंचे पर था। और मैंने अपने घोड़े को बहुत मिलो पीछे छोड़ दिया था, और उसे बांध दिया था ताकि उसे पर्याप्त स्थान मिले; कुछ भूसा ताकि खा सकें। और मैं वृक्ष सीमा की और चला गया, वहां ऊपर, देखने के लिए।

63 वहां दोपहर बाद तूफान सारे पहाड़ों पर आया और गर्जन की आवाज और बिजली चमक रही थी। और मुझे पेड़ की आड़ में जाना पड़ा। और मैं पेड़ की आड़ में तब तक खड़ा रहा जब तक तूफान रुका नहीं, नीचे लट्ठों में उतर गया वहां बहकर गिर गए थे और मैं लट्ठे के पीछे खड़ा था, जब तक तूफान निकल ना गया, खड़ा हुआ सोच रहा था। और अपनी बंदूक पेड़ के साथ सटा रखी थी। और फिर जब तूफान निकल गया... मैं परमेश्वर के विषय में सोच रहा था, वह कितना अद्भुत था।

64 और जब तूफान चल रहा था ठंडी हवाएं चल रही थी और इसने ऐवर ग्रीन याने मोर पंखी वृक्ष पर बहुत पानी जमा दिया जैसे कि बर्फ लटक रही हो। फिर जब सूरज आया, वहां पीछे पश्चिम से मैं देख सका, सूर्य पहाड़ की दरार में से झांक रहा था, और परमेश्वर की आंख जैसा लगा।

65 आप जानते हैं, परमेश्वर सब जगह है। यदि आप उसे खोज रहे तो आप उसे कहीं भी देख सकते हैं। वह वही है। आपको उसे देखना है वह वही होगा, वह ठीक यहां पर है। यदि बस आप आसपास खोजेगे, तो आप उसे देखेंगे।

66 और फिर जब मैं वहां खड़ा हुआ था, मैंने उसे देखा उस—उस सूर्य अस्त को और मैंने अपने हाथ उठाए, और मैंने कहा, "ओ महान यहोवा परमेश्वर, आपकी दृष्टि पृथ्वी पर इधर-उधर घूमती है।"

67 तभी मैंने एक—एक एल्क सांड की आवाज सुनी। वह झुण्ड से बिछड़ गया था, तूफान में और इस प्रकार से वह तीखी तेज आवाज निकाल रहा था, मैंने सुना कि झुंड ने उसे उत्तर दिया। यहां दूसरे स्थान से और पहाड़ की ओर से पुरान स्लेटी भेड़िया चिल्लाने लगा, साथी ने उत्तर दिया नीचे तलहटी से। मैंने चारों ओर घाटी में देखा एक पहाड़ जहां दो हिस्सों में बंटता था, वहां मेघ धनुष था, मैंने चारों और जहाँ भी देखा, वहां परमेश्वर था।

68 मेरी मां आधी इंडियन थी। वह आरक्षित से आई थी और चोर की इंडियन और उसकी मां पेंशन लेती थी। मेरे मत परिवर्तन इसे कभी भी बाहर नहीं निकाला। जंगल के विषय में कुछ है और बाहर जिससे मुझे प्रेम है।

69 जब मैंने सुना कि वह बड़ा भेड़िया बोलता है, और साथी इसका उत्तर देता है, आंसु मेरे गालों पर बहने लगे। मैंने सुना कि वह बूढ़ा एल्क अपने झुंड के लिए चिल्ला रहा था। उसका उत्तर मिला। मैंने मेघधनुष को देखा। मैंने कहा, "हां। यहां फिर से परमेश्वर है।" वह अल्फा और ओमेगा है। वह रंग है, मेघधनुष में वाचा। परमेश्वर सब जगह है, यदि आप को चारों ओर देखेंगे।

70 मैं बहुत प्रसन्न हो गया! मैंने बस अपने हाथ उठाए और आसू मेरे गालों पर से नीचे गिर रहे थे, मैं उस पेड़ के चारों ओर चक्कर लगाते हुए भाग रहा था। मेरे पास एक महान समय था और तीस मील तक मेरे से कोई आस पास नहीं था, बस नीचे ऊपर कूद रहा था, और अपनी ऊंची आवाज से चिल्ला रहा था। ईमानदारी से यदि कोई मुझे देख रहा होता तो वे सोचते कि कोई पागल खाने से बाहर आ गया है, परन्तु मैं चिंता नहीं कर रहा था, मेरा बहुत अच्छा समय था, मैं प्रभु कि आराधना कर रहा था मेरे प्रभु। मुझे इससे कोई अंतर नहीं पड़ता कि कोई क्या सोचता है। और मेरे पास एक अच्छा एक समय था, बस पेड़ के चारों ओर मैं रुकूंगा उस भेड़ियो को सुनूंगा, और उसे सुनूंगा और फिर चिल्लाऊंगा और फिर पेड़ के चारों और बार–बार भागूंगा।

71 और मुझे—मुझे किसी ने उत्तेजित किया और वहां छोटी चीड की गिलहरी थी। मैं नहीं जानता कि वे यहां एकलोहोमा में है या नहीं। एक छोटी सी शोर करने वाली चीज लगभग *इतनी* लंबी। यह जंगल का नीले कोट वाली पुलिस है, वह बस... वह इतना शोर करती है और वहां उसके लिए कुछ नहीं है। और वह वहां तने कर कूदी और जितनी जोर से हो सकता था शोर करने लगी। और मैंने सोचा, "कि तुझे उत्तेजित होने की कोई आवश्यकता नहीं है, मैं प्रभु की आराधना कर रहा हूं। तू इसे पसंद नहीं करती? इसे देख।" और फिर चक्कर, चक्कर, चक्कर चारों ओर मैं जितनी जोर से कर सकता था, भागा। और मैंने कहा, "क्या यह आश्चर्यजनक नहीं? कि तेरा रचियता; मेरा परमेश्वर!" और यहां हम फिर से चारों ओर इस प्रकार से चक्कर मारते हैं।

72 और मैंने ध्यान दिया कि वह छोटी सी अपने सिर को एक ओर बार बार आगे कर रही है, और उस बहाव में नीचे देख रही है ऐसा नहीं लगा कि उसे मैंने उत्तेजित किया है। कुछ और है जिसने उसे उत्तेजित किया

था। भाई मैंने सोचा, "मैं नहीं सोचता कि मैं विचित्र व्यवहार कर रहा हूं। क्योंकि, मैं विचित्र व्यवहार नहीं कर रहा हूं, अपने में। मैं जानता हूं कि वह मुझे आशीषित कर रहा है, इसलिए तुम भी मेरे साथ मिल सकते हो।"

73 और ऐसा हुआ कि मैंने देखा, और तूफान ने बड़े उकाब को नीचे उतरने को मजबूर किया और उसे जबरदस्ती नीचे उतारा वह नीचे था संभवत: खाने के लिए वह अपनी ऊंचाई को नहीं ले पाया कि तूफान से ऊपर चला जाए इसलिए उसे नीचे झाड़ियों में उतरना पड़ा, और वह वहां पर था, यहां नीचे इन झाड़ियों में

74 और यही था जिसमें छोटी गिलहरी को उत्तेजित किया। और वह उसे ध्यान से देख रही थी, इस प्रकार चटर, चटर, चटर शोर कर रही थी जैसे कि वह उकाब के टुकड़े–टुकड़े कर देगी, वह इतनी बड़ी भी नहीं थी कि किसी को भी टुकड़े–टुकड़े करें। इसलिए वह तने पर खड़ी थी उसकी छोटी सी पूछ *इस* प्रकार से मुड़ी हुई थी चटर, चटर, चटर, चटर, चटर, चटर। मैंने सोचा, "इतनी उत्तेजित ना हो। वह तुझे हानि नहीं पहुंचाएगा।"

75 और वह बड़ा उकाब कूद कर डाली पर आ गया *इस* प्रकार से। मैंने सोचा, "ओह, परमेश्वर आप यहां है उस भेड़िए की आवाज में। और आप यहां हैं, जंगल की पुकार में। आप यहां सूर्य अस्त में आप मेघधनुष में। आपने क्यों इस उकाब को मेरे सामने लाए? यह उकाब यहां क्या कर रहा है? मैं इस उकाब में आपको नहीं देख सकता हूं।"

76 मैंने उस उकाब को देखा। मैंने कहा... उसे देखा उसकी बड़ी सलेटी आंखें। वह उस चीड की गिलहरी पर ध्यान नहीं दे रहा था। इतना कि मुझे देख रहा था मैं उन बड़ी आंखों को अपनी ओर देखते हुए देख रहा था। और मैंने सोचा, "ठीक है, हां, मैं परमेश्वर को उस उकाब में देख सकता हूं, क्योंकि वह डरता नहीं। उसके विषय में कुछ है।" मैंने कहा, "मैं यत्न करूंगा, और देखता हूं, यदि वह डरता है।"

77 मैंने कहा "कहू, तुम जानते हो, मैं तुझे गोली मार सकता था? " मैंने कहा, "यह मेरी राइफल है। मैं तुझे मार सकता था।"

78 उसने बस मेरी ओर *इस* प्रकार से देखा। मैं उसे देखता रहा उसके पंखो को अनुभव करता रहा। मैंने कहा, "अब मैं देखता हूं। यही कारण है। तू डरता नहीं है, क्योंकि परमेश्वर ने तुझे दो पंख दिए हैं। और तू जानता है, अच्छा और बढ़िया, इसके पहले मैं अपनी बंदूक हाथों में उठाता, तू

इन लट्ठो में हो सकता था।” मैंने सोचा, “यदि तू परमेश्वर के दिए हुए पंखों का भरोसा कर सकता है कि तुझे खतरे से बाहर ले जाए, तो कलीसिया को परमेश्वर के दिए गए आत्मा पर कितना अधिक विश्वास करना चाहिए, पवित्र आत्मा का जो हमारे मध्य में है कि इन चीजों से दूर रहे, उससे इस प्रकार से दूर रहे।” मैंने देखा कि वह उन पंखो का कैसा अनुभव करता है। जब तक...

79 किसी ने एक बार मुझसे कहा, “भाई ब्रन्हम, क्या आप नहीं डरते कि आप गलती कर देंगे? ” नहीं, श्रीमान, जब तक मैं यह अनुभव कर सकता हूं कि कुछ मेरे चारों ओर है। यह सब ठीक है। यह सही है। जब तक वह वहां पर है, वह यह कर कर रहा है।

80 और मैंने उकाब को देर तक देखा और उसने देखा कि मैं उससे बहुत अधिक प्रेम करता हूं, मैं उसको हानि पहुंचाने वाला नहीं था। और इसलिए वह मुझ से डरा नहीं परंतु वह इस चटर, चटर, चटर, चटर, चटर, चटर की आवाज से ऊब रहा था। और वह इससे परेशान हो गया था, इसलिए उसने एक बड़ी छलांग मारी लगभग दो बार पंख मारे। और तब मैं देखता हूं क्यों वह मुझ पर शोर कर रही थी। और उस बड़े उकाब ने फिर और अपने पंख नहीं मारे, वह ऐसा प्रतीत हुआ कि वह जानता है कि अपने पंखों को कैसे व्यवस्थित करें। और हर बार हवा अंदर आएगी, और वह और ऊँचा उठ जाएगा। और हवा आएगी वह और ऊंचा उठ जाएगा। और मैं वहां खड़ा रहा और उसे तब तक देखता रहा जब तक कि वह छोटे से निशान में नहीं बदल गया। मैंने कहा, “ओह, परमेश्वर यही है।” वह इस चटर, चटर, चटर से तंग हो गया था।

81 क्या, “यह कलीसिया से कलीसिया में भागना नहीं। *इसमें* सदस्यता लेना और *उस* में सदस्यता लेना।” यह इतना जानना है कि अपने पंखो को उसके पवित्र आत्मा में कैसे व्यवस्थित करें। जब वह आता है, उतरता है, सवार होता, सवार होता, इस चटर, चटर से दूर हो जाता है कि, “आश्चर्यकर्मों के दिन बीत गए। पवित्र आत्मा जैसी कोई चीज नहीं। *इसमें* आप सब गलत है। दिव्य चंगाई जैसी कोई चीज नहीं है।” इस पर सवार हो जाए। पवित्र आत्मा को अंदर उतरने दे, इस पर दूर तक सवार रहे। बस इसे लिए चलें, ऊपर की ओर ऊंचे, ऊंचे पर सुनाई देने से दूर कहीं। प्रभु!

82 परमेश्वर ने उकाब बनाया। अब, यदि उसके पास ना हो... यदि शिकरा उकाब के पीछा करने का यत्न करें तो वह हवा में फट जाएगा। एक कौवा उसके पीछे उड़ने का यत्न करें तो उसके पंख उसमें से छूट जाएंगे। वह विशेष बना हुआ पक्षी है।

83 परमेश्वर ने अपने उकाबो को भविष्यवक्ता से जोड़ा है। एक भविष्यवक्ता ऊँची ऊंचाई के क्षेत्र में होता है जहां से वह दूर–दूर देख सकता है।

84 अब, यदि उकाब के पास बड़े शक्तिशाली पंख होते हैं जो उसे वहां ले जाते। और, उसकी आंखें उसके पंखों के समरूप ना हो, तो जब वह ऊपर जाएगा तो अंधा हो जाता। यही कारण है शिकरा, उकाब होने का यत्न करें, जब वह इतना ऊपर चढ़ा जो भी है वह नहीं देख सका, इसलिए ऊंचाई पर जाना उसके लिए कोई लाभकारी नहीं। समझे? वह विशेष बना हुआ पक्षी है।

85 और एक मसीही विशेष बना हुआ व्यक्ति है। यह बिल्कुल ठीक बात है। आराधनालय जाने की कोई आवश्यकता नहीं है, जब तक आप में कुछ नहीं जो आपको बताएं कि यह सब वहां पर है। समझे? यह आपके लिए कुछ विशेष है जो परमेश्वर आपके लिए करता है।

86 उकाब इतना ऊंचा जा सकता है कि आप उसे देख नहीं सकते, और वह किसी भी चीज को जमीन पर चलते हुए देख सकता है, छोटी से छोटी चीज; उसकी आंख इतनी अच्छी होती है।

87 कुछ समय पहले तीन या चार वर्षों पहले, मैं और मेरी पुत्री सिनसिनाटी के चिड़ियाघर में घूम रहे थे। मैं उन्हें एक शनिवार दोपहर बाद ले गया, उन्हें विभिन्न चीजें दिखाने को। और छोटी साराह और मैं गये, तब वह छोटी लड़की थी, लगभग तीन वर्ष की और हम घूम रहे थे। और वहां बड़ा उकाब पिंजरे में था।

88 जानवरों को पिंजरे में देखना मुझे सदा बुरा लगता है। मैं नहीं जानता, मुझे छोटी–छोटी चिड़ियो को देखना अच्छा नहीं... मैं आपके बड़े बड़े तोतो को आदि को नहीं कह रहा, परंतु मुझे कोई भी चीज पिंजरे में देखना अच्छा नहीं लगता। मैं जानता हूं धर्म में बंद होना यह कैसा है, जहां आपके पास कोई स्वतंत्रता नहीं। अब मैं––मैं चाहता हूं... मैं स्वतंत्र होना चाहता हूं।

89 तब, जैसे आप अपनी छोटी चिड़िया को सारी विटामिन दे सकते हैं कि सुंदर पंख हो और अच्छे पर और फिर से उसे पिंजरे रख रहे हैं। उसे इससे क्या लाभ?

90 प्रचारक को सेमनरी में भेजने का क्या लाभ और आदि–आदि, कि उसे शिक्षित करें, सब चीजें इसी प्रकार से है और फिर उन्हें पिंजरे में बंद करें यह कहने के द्वारा, "आश्चर्य कर्मों के दिन बीत गए, ऐसी कोई चीज नहीं"? उन्हें शिक्षित करने का क्या लाभ... ?

91 भाई, मैं कुछ स्वतंत्रता चाहता हूं, जहां आप उड़ सकते हैं, और अपना अभ्यास कर सकते हैं, एक धर्म जो आपको स्वतंत्र करें।

92 मैंने इसे बड़े उकाब पर ध्यान दिया। उन्होंने इसे पकड़ रखा था उसे पिंजरे में डाल रखा था। मैंने सोचा यह बहुत ही दु:ख का दृश्य है जो मैंने कभी देखा। यह बड़ा प्राणी वह वहां फर्श पर पड़ा था, जब मैं उठा उसके महान बड़े पंख बिछे हुए थे। उसके सिर पर से सारे पर झड़ गए थे और गर्दन के चारों ओर से और उसके पंखो के सिरे से। मैंने उसे देखा।

93 वह पिंजरे में घिसड़ रहा था। उसने मुड़ कर पिंजरे में देखा *इस* प्रकार से। यहां वह आता है, वह पंख मारते हुए अपने सिर और पंखों को पिंजरे से टकरा रहा था, पंख झड़ेगे। वह पीछे गिरेगा। वह फिर से उठेगा। वह *इस* ओर वापस हुआ। वह ऊपर देखेगा और वह जितनी जोर से हो सकता है, उड़ेगा और अपने सिर ओर पंखों को टकराएगा। और गिर पड़ेगा, वहां वह पड़ा था, और उसकी बड़ी आंखें चारों ओर घूम रही थी, ऊपर देख रहा रही थी।

94 "ओह," मैंने सोचा, "यह दु:खद दृश्य जो एक मनुष्य इसे देख सकता था।" यह आकाश का पक्षी। यह ऊपर उड़ने के लिए जन्मा कि आकाश में मंडराये, और यहां मनुष्य की चतुराई और तंत्र से वह पिंजरे में है। वह नहीं... वह आकाश का पक्षी है, वह जमीन के विषय में कुछ नहीं जानता, थोड़ा बहुत उसे आकाश में रहना है। पडा हुआ, ऊपर की ओर देख रहा है, जहां उसे होना चाहिए, जहां के लिए उसका ह्रदय तरसता है, परंतु वहां के और उसके बीच वहां घड़े है।

95 मैंने सोचा यह दु:खद दृश्य है, जब तक की मैंने मनुष्य जाति को नहीं देखा कि परमेश्वर ने उसे अपनी छवि पर बनाया, और नामधारी आदि के पिंजरे में बंद हो गया कि दिव्य चंगाई का विश्वास नहीं किया ऐसे स्थानों

में कैद कर दिया जहां वे स्वतंत्र ना हो पाए। वे स्वर्ग से जन्मे। परमेश्वर का भेजा हुआ आत्मा, उन में है, इस प्रकार परंतु वे ऐसी कैद में है ताकि वे बाहर ना जा सके। देखिए पुरुष और स्त्रियां असभ्य वस्त्र पहने सड़कों पर घूम रहे हैं, श्रृंगार ग्रहों में कैद, जहां कि उन्हे परमेश्वर के पुत्र और पुत्रियों के समान स्वतंत्र होना चाहिए। और अपने सिरो को लगभग पटक रहे हैं, किसी चीज के विरुद्ध, स्वतंत्र होने का यत्न कर रहे हैं।

96 ओह परमेश्वर, यदि मेरे पास शक्ति होती तो मैं... या अधिकार होता, तो मैं उस बूढ़े उकाब को खरीदता, और उसे जाने देता उसे स्वतंत्र कर देता जहां वह चाहता। उसे पिंजरे में रखना एक भयानक बात है।

97 परन्तु यह कितनी भयानक बात है कि परमेश्वर के पुत्रों को लेकर उन्हें ऐसे स्थान में कैद कर देना जहां वे... वास्तव में, उनकी आत्मा वहां से निकल जाना चाहती है और कुछ करें। तब कोई कहता है, “दिव्य चंगाई जैसी कोई चीज नहीं है। पवित्र आत्मा की सामर्थ जैसी कोई चीज नहीं है, *ऐसी* कोई चीज नहीं है।” उन्हें पिंजरे में डालते हैं। भाई, मैं आपको बता दू कि एक स्वतंत्रता है।

98 एक बार एक व्यक्ति ने एक बूढ़ा कौवा पकड़कर बांध दिया, क्योंकि वह मक्के के खेत में था। और वह... और चिड़िया ऊपर से उड़ कर जाने लगी और कह रही थी, “जॉनी, कौवे आओ, आओ दक्षिण के चले। दक्षिण को चले। जाड़े की ऋतु आ रही है।”

99 वह इतनी खराब दशा में था, वह कठिनाई से चल सकता था। वह एक दिन एक भला व्यक्ति आया और कहा, “वे बेचारा बूढ़ा कौवा!” उसकी रस्सी काट कर खोल दिया।

100 और जब उसने किया तो दूसरे कौवे भी आए, बोले, “जॉनी कौवे, आओ दक्षिण को चले।”

101 परंतु वह—वह इतने लंबे समय से बंधा था वह आसपास ही चलता रहा, बोला, “मैं यह नहीं कर सकता। मैं यह नहीं कर सकता।” वह नहीं जानता था कि वह स्वतंत्र था।

102 आज मनुष्य इसी प्रकार से है। भाई, आप जानते कि यीशु मसीह ने आपको स्वतंत्र किया है। आओ, इससे बाहर निकल चले। कही और चले। परमेश्वर ने हमें स्वतंत्र बनाया है, भूखे मत मरो। परमेश्वर के पास समस्त आकाश में पेंटीकोस्टल की आशीषे है, और उसकी भलाई के असीमित

स्त्रोत, हम वहीं चले जो भी चाहे उसे आने दो, उसे आने दो और जीवन के जल से स्वतंत्रता से पीने दो।

103 उकाब उसने अपना घोंसला ऊंची चट्टान पर बनाया है। वह एक—वह एक कलीसिया के समान है, यीशु मसीह की कलीसिया वह कलीसिया है, जो पहाड़ पर स्थिर है जो उजियाला देती है। यह ऊंचे पर है, यह इसकी ऊंची आकांक्षाएं है बल्कि इसके पास ऊँची ऊँची आशाएं है, इसके पास ऊंची आशाये होनी चाहिए, क्योंकि हम परमेश्वर से आशा कर रहे हैं कि वह कुछ करें।

104 यदि आप यहां इस दोपहर बाद यह कहते हुए आए हैं, “अच्छा, मैं ऊपर जाऊंगा। यदि मैं प्रार्थना पंक्ति में आया, ठीक है। यदि वह मुझे बताएगा कि मैं अच्छा हूं, यदि प्रभु मुझे बताएं।” ओह, इस प्रकार की आशा ना करें, “परंतु यदि वह यह नहीं करता, तो फिर मुझे कुछ नहीं मिलेगा।” आपकी आशा अधिक नहीं है।

105 इस दोपहर बाद कलीसिया में आए है, यदि आप बीमार है तो कहे, “मैं आशा करता हूं कि मैं घर चंगा होकर जाऊंगा। मैं जब तक यह ना हो जाए, मैं नहीं छोडूंगा।” यदि आपके पास पवित्र आत्मा नहीं है, तो कहे, “मैं यहां टीका रहूंगा और यही सड़ जाऊंगा या मैं पवित्र आत्मा पाऊंगा, मैं यहां पवित्र आत्मा वाले लोगों के मध्य में हूं। मैं वहां आया हूं जहां पवित्र आत्मा है। मैं तब तक रुका रहूंगा जब तक मैं इसे ना पा लूं।”

106 जैसा बुढा बड्डी रॉबिंसन था, वैसे हो जाए जब वह मक्के के खेत में गया। उसने कहा, “प्रभु, यदि तू मुझे पवित्र आत्मा ना देगा, तो जब तू इस पृथ्वी पर वापस आएगा, तो तुझे बड्डी रॉबिंसन की हड्डियों का ढेर मिलेगा, ठीक यहीं पड़ा हुआ।” इसे करने की यही विधि है। ठीक यही।

हम इसे बहुत ही संयोगवश लेते हैं।

107 एक समय, एक मनुष्य, परमेश्वर को खोजने का यत्न कर रहा था। और हर बार वह यह कहता, “मैं बच गया,” शैतान कहता, “नहीं, तुम नहीं बचे।” एक दिन उसने एक खूटी गाड़ी। उसने कहा, “शैतान अब के बाद से मैं इस खूंटी की ओर संकेत करूंगा कि यह स्थान है, जहां मैंने परमेश्वर की मांग पूरी की, ठीक यही।”

108 तू भी अपनी खूटी अपनी कुर्सी के पास गाड़ ले, इस दोपहर बाद कह रहा हूं, “शैतान ठीक यहां जहां हर सन्देह रखने जा रहा हूं। और मैं

दोपहर बाद उसके साथ उड़ने जा रहा हूं। मैं ठीक उसी बात को स्वीकार करने जा रहा हूं, जो उसने मुझसे कहा, मैं कर सकूंगा।" यदि तू इसका विश्वास करेगा।

109 यह पुराना उकाब, जब अपना घोंसला बनाने को तैयार होता है, तो वह बहुत ऊंची चट्टानों में चला जाता है। और वह अपना घोसला ऊंचाई में बनाती है क्योंकि उसके पास... वह अपने बालको को सुरक्षित रखना चाहती है।

110 इसी प्रकार से परमेश्वर करता है। वह अपनी कलीसिया को उस स्थान पर ऊंचा उठाता है यदि आप उसे करने दे और वह आपको ऐसे स्थान में रखता है, जहां आप पृथ्वी के गिद्धों से दूर रहेंगे। निश्चय ही, वह करेगा।

111 यह चूजे से कितना भिन्न है! चूजा भी एक चिड़िया है, परंतु अपना घोंसला पीछे कहीं आंगन में बनाते हैं, नीचे जमीन पर जहां मांसभक्षी और सांप और हर चीज उसके चूजो को पकड़ सकते हैं। वह आकाशो के विषय में कुछ नहीं जानते जबकि वह चिड़िया है; संभव है, नामधारी भाई, परंतु—परंतु वह—वह भूमि पर है। वह आकाश के विषय में कुछ नहीं जानते, ऊंचाई पर उड़ना कहीं ऊपर जहां यह नीला और सुंदर है।

112 वह बूढ़ी मां उकाब जब वह अपना घोंसला बनाती है। मैंने कैसे उन्हें कई बार देखा है, कि जाकर बड़ी बड़ी लकड़ियां ले आती है, और उन्हें उन चट्टानों पर रखती है। और उन्हें बड़ी चोंच से खींचती है, और उन्हें बांधती है और एक रुकावट की अंगूर बेल लेती है, और उसे चारों ओर से बांधती है। और घोसले को अंदर से चार दिवारी सी बनाती है, अधिकांश किसी बड़े खंभे से बांधती है, वह उसे तैयार करती है। वह उस घोसले को इस प्रकार जमाती है कि कोई तूफान उसे उड़ा ना सके।

113 मैं आनंदित हूं, "इस चट्टान पर मैं अपनी कलीसिया बनाऊंगा, और अधलोक के फाटक उस पर प्रबल ना होंगे।" किस प्रकार की चट्टान है? एक आत्मिक प्रकाशन।

"लोग मनुष्य के पुत्र के विषय में क्या कहते हैं? "

"कुछ कहते हैं 'एल्लियाह,' कुछ, 'मूसा' कहते हैं।'"

"परंतु तुम्हारे विषय में क्या है? "

पतरस ने कहा, "कि तू परमेश्वर का पुत्र मसीह है।"

114 "शमौन योना के पुत्र तू धन्य है, मांस और लहू ने तुझ पर यह प्रगट नहीं किया। तूने इसे धार्मिक विद्यालय से नहीं सीखा। तूने किसी के बताने से यह नहीं सीखा, परंतु मेरा पिता जो स्वर्ग में है, उसने तुझ पर प्रगट किया है। इस पत्थर पर मैं अपनी कलीसिया बनाऊंगा, और अधलोक के फाटक इस पर प्रबल ना होंगे। जीवन के तूफान इसे कभी ना हिला सकेंगे।" यही कारण है उसने कहा वह एक उकाब था। उसने घोसला बनाया।

115 तब बूढी मां उकाब ने अपने बालकों को उत्पन्न होने की तैयारी की, वह बाहर गई और हर चीज जो ला सकती थी लाई मुलायम पत्तियां। उसने अपनी बड़ी चोंच से उन्हें कोने में रखकर और सारी लकड़िया चारों ओर लगा दी, ताकि उसको वह सब ना चिपके। वह बाहर जाती और मेमना था, खरगोश या कुछ उनके लिए मांस और बालों को लेकर उनके बाल निकाल कर घोसले में लगाती है। ओह, वह इसे सुंदर बनाती है, अपने आने वाले छोटे बच्चों के लिए।

116 इसी प्रकार से यहोवा उकाब भी करता है। वह सब चीजों को तैयार करता है। ओह, प्रभु! जब एक नया बालक परमेश्वर के राज्य में जन्म लेता है वह... वह सोचता है वह चल सकता है परंतु वह सदा नीचे ऊपर उछलता है और चारों ओर भागता है। परंतु उसका एक अच्छा समय होता है। वह घोसले में है, जहां पंख बिछे है आप जानते हैं। गिरने से क्षति नहीं होती। और इसी प्रकार से माँ उकाब करती है। वह अपना घोसला वास्तव में गद्देदार और अच्छा बनाती है, अपने छोटे बालकों के लिए जो जन्म लेने वाले हैं।

117 कुछ समय पश्चात अंडे आते फिर छोटे उकाब आते हैं। तब वह और पिता उकाब नीचे जाते हैं और वे अपने बालकों को खिलाते हैं, जब तक उनका आकार बड़ा नहीं हो जाता। तब तक उनका एक निश्चित आकार आ जाता है...

118 अब, मां उकाब उन उकाब उन के प्रति पक्की हो जाती है कि वे बालकों के समान नहीं रहे। यह ठीक बात है। वह नहीं चाहती के वे भूमि से जुड़े। वे उकाब है, और वह जानती है, वे उकाब है।

119 इसी प्रकार से यहोवा उकाब करता है। वह नहीं चाहता कि हम चूजे रहे आंगन के चूजे। वह हमें उकाब के समान चाहता है, वह ऊपर नीले में

हमारा स्वभाव वहां जहां हम स्वतंत्र हो। “जिसे पुत्र स्वतंत्र करें, वह वास्तव में स्वतंत्र है।” वह उन्हें वहां चढ़ाता है, इसलिए कुछ दिन...

120 मैंने कैसे उन्हें देखा, बहुत सी बार! कुछ दिनों पहले घोसले को हिलाने का समय आया, वह बूढी उकाब माँ घोसले के एक और आती है। मैं कई दिनों तक उन्हें देखने के लिए गरम सूरज में पड़ा रहा, और एक बालक के समान रोया। देखिए, वह बड़ी उकाब मां वह बड़ी है, वह मां उकाब पिता उकाब से बड़ी होती है। उनमें से कुछ के पंख एक से दूसरे सिरे तक चौदह फुट के होते हैं।

121 और वह वहां पहुंच जाएगी और वह घोसले के ऊपर *इस* प्रकार इठलाती है। और वह इन छोटे बच्चों के ऊपर आती है, और अपने बड़े पंख फैलाती और चिल्लाती है। और जब वह यह करती है, कुछ ऐसा कि छोटे उकाब अपनी पीठ के बल गिर जाएंगे। वह उनको चाहती है। वह उनसे यही करवाना चाहती है। तब वे उठेंगे। और वह चिल्लाएगी। क्यों? वह उनको अपनी आवाज के लिए प्रशिक्षित करती है।

“मेरी भेड़ मेरा शब्द सुनती है।”

122 वह चाहती है कि वे जान जाए कि जब चिल्लाने के समय आए तो यह क्या है। और वह चिल्ला रही है, ओह, प्रभु! “मैं चाहती हूं कि मेरी आवाज का हर सुर तुम पकड़ लो,” वह कहती है, “क्योंकि वहां बहुत से गिद्ध है। मैं चाहती हूं कि तुम जान लो कि तुम उकाब हो मैं तुम्हें उकाब की आवाज से परिचित करना चाहती हूं।” आमीन। हाल्लेलुय्या! “मैं चाहता हूं कि तुम जान उकाब की आवाज क्या होती है।”

123 तब वह अपने बड़े पंख फैलाती है, कहती है, “इधर देखो मैं तुम्हें तुम्हारी पहली अकेली उड़ान देने जा रही हूं। परंतु, पहले मैं चाहती हूं कि तुम देखो मैं कितनी बड़ी हूं।”

124 ओह, यह कितना प्यारा है! संभव है, कभी, बीमारी हमारे पीछे खटखटाये हो सकता है, कुछ और जब हम ऊपर देख सकते हैं, और यहोवा के उन दो बड़े पंखो, पुराना और नया नियम ले, और कहे, कि, “तू कितना महान है, प्रभु! तू कितना महान है, प्रभु!”

125 ओह, वह उन्हें दिखाना पसंद करती है, “इधर देखो, मैं कितनी मजबूत हूं,” वह चिल्लाती है, “यह मेरी आवाज है।”

126 कैसे एक प्रचारक कह सकता है, फिर कि वह उकाब नहीं चिल्लाता हर दिन उसी प्रकार से, हर बार वह चिल्लाया? निश्चय ही, "वह कल, आज और सर्वदा एक सा है।"

127 पुराने नियम ने कहा, "मैं यहोवा हूं। मैंने लाल सागर खोला। मैं इब्रानी बालकों को आग की भट्टी से बाहर ले आया, मैं ही हूं जिसने मनुष्य के पुत्र को जिलाया।" हाल्लेलुय्या! "मैं ही हूं जिससे पवित्र आत्मा भेजा पेंटीकोस्ट पर।" उसके बड़े पंखों में होकर देखो, क्या आप नहीं देखना चाहते? क्या यह आपके ह्रदय को रोमांचित नहीं करता?

128 वे छोटे उकाब कहते हैं, "ओह, मां, निश्चय ही हम तुझ पर विश्वास करते हैं। आप सामर्थी और बड़ी है।"

129 किसी रात्रि बाहर जाकर ऊपर सौर याने सूर्य परिवार को देखना। यहां कुछ समय पहले मुझे पालोमोर पहाड़ पर ले जाया गया। और वहां मैंने शीशे में से हो कर 1 करोड़ 20 लाख प्रकाश वर्ष में देखा। अंदाज लगाये, यह कितने मील है, कितना प्रकाश कितनी तेज चलता है? अन्तरिक्ष के 1 करोड़ 20 लाख प्रकाश वर्ष और उसके पार भी बहुत से चांद और सितारे और दुनियाये है। "तू कितना महान है! तू कितना महान है!" उसके छोटे उकाब चारों ओर देखने लगे। "तू कितना महान है!"

130 यहां एक फूल है। यह मर गया। यह भूमि में चला गया, परंतु यह फिर वापस आ गया। "तू कितना महान है!"

131 यहां एक बेचारा बूढ़ा कैंसर ग्रस्त मनुष्य यह एक परछाई है, और उस पर प्रार्थना की गई। अगली चीज, आप उसे देखते हैं, एक बड़े लाल मुंह का मनुष्य। "तू कितना महान है! तू कितना महान है!"

132 देखिए वह बेचारी बूढ़ी महिला वहां बाहर सड़क पर, इतनी भी ठीक नहीं कि कुत्ते उसे देखें। एक बार परमेश्वर की सामर्थ को उसका ध्यान आकर्षित करने दे, वह चिल्लाएगी, "तू कितना महान है!" वह हर बोझ को एक ओर रख देगी और पाप उसको सरलता से घेर लेता है उसकी पहली चीज आप जानते हैं वह भगतनी सी दिखाई पड़ती है, वह बगल में सुसमाचार के पर्चे दबाये हुए बाहर है, कुछ कर रही है।

133 वह शराबी जो कोने में है, वह गलत मनुष्य उसे एक बार ऊपर देखने दे और देखें। "तू कितना महान है!" देखिए, उसने अपनी शराब बेचना छोड़ दी पीना और धूम्रपान छोड़ दिया उसकी सिगरेट और सिगार, झूठ बोलना

छोड़ दिया और आदि–आदि और बाहर सड़क पर है, हाथों में बाइबल है, परमेश्वर की महिमा की गवाही दे रहा है, "तू कितना महान है!"

134 परमेश्वर एक बार आपके ऊपर नया और पुराना नियम फैलाए, उसके पन्नों में से होते हुए देखे, और देखें यह क्या है। उसमें से एक आवाज चिल्लाती हुई सुनेंगे, कह रही है, "कल, आज, और सर्वदा एक सा है। मैंने उनके लिए जो किया है। मैं तुम्हारे लिए करूंगा और मैं एक सा हूं। मैं यहोवा हूं, मैं बदलता नहीं।" मुझे इस समय वास्तविक धार्मिक अनुभूति हो रही है। ओह, प्रभु! मैं इसे कितनी भली प्रकार से जानता हूं। यह सत्य है।

135 अब, माँ ने ठान लिया है कि वे छोटी उकाब, अब बच्चे नहीं रहेंगे। परंतु वह ठान चुकी कि वे नहीं रहे। आप जानते हैं, तब वह क्या करती है? उस घोसले पर ऊपर नीचे इठलाने के बाद वह फैलाती है... वह कहेगी, "प्रिय, इधर देखो, मैं कितनी बड़ी हूं, इधर देखो, तुम्हें मुझ पर विश्वास करना चाहिए। मैं तुम्हें कहीं ले जाने वाली हूं जहां कि तुम्हें मुझ पर विश्वास करना ही पड़ेगा।"

136 कैसे मैं इस दोपहर बाद जानता हूं कि परमेश्वर ने कुछ बीमार लोग नहीं भेजें, इसी प्रकार से? आपको ऐसे स्थान पर रखा जहां डॉक्टर... आप कहते हैं, "भाई ब्रन्हम, मैं एक मसीही हूं।" मैं यह जानता हूं। "और मेरे पास पवित्र आत्मा है, और यहां मैं कष्ट भोग रहा हूं।"

137 आप कैसे जानते हैं कि यहोवा इस बात का यत्न नहीं कर रहा है कि आप पंखों में से होते हुए देखे और देखे कि वह कितना महान है? "मैं कितना महान हूं! मैं तुम्हारे लिए कुछ करने जा रहा हूं, तुम्हें मुझ पर विश्वास करना पड़ेगा।" आप इसी स्थिति में है। "और मैं चाहता हूं कि पहले तुम जानो कि तुम किस पर विश्वास कर रहे हो, देखो मेरे बड़े पंख? "

138 तब, कुछ दिनों के पश्चात आप जानते हैं मां क्या करती है? जब तक बिस्तर कोमल बना होता है, वे छोटे उकाब इसे छोड़ना नहीं चाहते ठीक है। आप जानते हैं, वह क्या करती है? वह उसमें जाती है, और अपनी चोंच से हर चीज को हर रोये दार चीज को फाड़ देती है, और घोसले से बाहर फेंक देती है। वह ठान लेती है कि वह संसार के साथ व्यवहारिक ना हो जाए। यह ठीक बात है।

139 कभी–कभी परमेश्वर भी यही करता है। ओह, आप हर बड़ी चीज के लिए सोचते हैं और हर शेखी वाली चीज और सब कुछ। उसे ना ढूंढे। क्यों,

आप पेंटीकोस्ट से लाखों मील है। पेंटीकोस्टल लोग आरामदायक वस्तुओं को नहीं ढूंढते। जो उनके पास था उन्होंने बेच कर गरीबों को दे दिया, और अकेले मसीह के साथ बाहर निकल गए। और आज हमारे पास इसके पहले कि हम आत्मिक बने केडलक का समूह होना चाहिए, क्या हुआ? कहीं, कोई गड़बड़ है।

140 मुझे, प्रभु के थोड़े से ठुकराए हुए के संग मार्ग लेने दो। मैं यीशु में आरंभ हो गया हूं। प्रभु, मुझे किसी भी परिस्थिति में से निकाले।

141 लोग नये जन्म से डरते हैं। यही मामला है। वह नया जन्म लेने से डरते हैं।

142 कोई भी किसी भी जन्म को जानता है मैं चिंता नहीं करता यह कहां है, यह घोटाला है। यदि यह सूअर के बर्तन में है, या यदि यह भूसे के ढेर में, या यदि यह गुलाबी अस्पताल के कमरे में, जन्म लेना बखेड़ा है। और लोग इस बखेड़े में नहीं पडना चाहते।

143 परंतु, मैं आपको बता रहा हूं, मैं अपने से परमेश्वर से नहीं मिलना चाहता। मैं परमेश्वर के स्तर पर नये जन्म में मिलना चाहता हूं। मैं चिंता नहीं करता यदि मुझे रोना चिल्लाना, अन्य भाषा में बोलना पड़े, मुझे चाहे जो करना पड़े। मैं चिंता नहीं करता कितने पड़ोसी मेरे विषय में बात करते हैं। मुझे नया जन्म लेना है।

144 मैं चिंता नहीं करता किस प्रकार कि स्थिति हो सकती है, यदि मुझे अपना सम्मान खराब करना पड़े जो भी हो। मेरे पास कुछ नहीं, एक ही बात है मैंने इसे छोड़ा नहीं है। मेरा कोई सम्मान या मान नहीं था। आरम्भ से, मैं बस एक पहाड़ी बिली था इसलिए मेरे पास कुछ नहीं था। परंतु मैं—मैं—मैं चिंता नहीं करता कि यह क्या है मैं कुछ भी खोने को तैयार हूं और परमेश्वर के राज्य के लिए एक मूर्ख बन गया। तुम मुझे, "पवित्र शोर करने वाला या आत्मिकता वाला या एक शैतान या एक मष्तिष्क पढ़ने वाला," कह कर पुकारना चाहते हो, मैं चिंता नहीं करता कि वे क्या कहते हैं।

145 मैं यीशु को चाहता हूं। यही हमारा मुख्य उद्देश्य है। यह कौन से स्तर पर है, मैं चिंता नहीं करता मैं उसी के स्तर पर उससे मिलना चाहता हूं; ना कि उस पर जो मैं सोचता हूं कि सही है या कोई और कहता है ठीक है। मैं जो परमेश्वर कहता है ठीक है। यह ठीक बात है। यदि उसने कहा, "वह कल, आज और सर्वदा एक सा है," मैं उसे उसी स्तर पर देखना चाहता

हूं। यदि मुझे खंबे के झुंड को प्रचार करना पड़े, और खिले और सोते का पानी पीना पड़े, मैं फिर भी सुसमाचार ही चाहता हूं। मैं मसीह को मसीह के स्तर पर जिस पर वह आएगा चाहता हूं।

146 वह अंदर जाती है और सारी कोमलता को फेंक देती है। हर बार वे छोटे उकाब बैठना आरंभ कर देते हैं, वे उस कटीली झाड़ी पर है। यह एक प्रकार से चिमकने वाली है। वह...

147 यही जो शैतान को जब तक वे लगभग... "ओह, क्या पिछली रात्रि आप बच गए? "

"हां। ओह। हां। मैं बच गया।"

"यही... ओह, इसके लिए मैं बहुत आनंदित हूं।"

148 परंतु, आप जीवन को जीना आरंभ करते हैं, सीधा कहते हैं, "पवित्र शोर करने वाले! *आदि–आदि*! ओह, मैं देखता हूं आप कौन से झुण्ड के साथ है।" समझे?

149 कभी–कभी वह आपको चिपकने देता है। वह नहीं चाहता कि आप इस संसार के आदी हो जाए, आप देखते हैं। वह चाहता कि आप...

150 वह मां, उन्हें नहीं चाहती कि वह चूजे बने रहे... वे उकाब कभी चूजे हो सकते। वह चाहती है कि वह घोसले से बाहर आए। कोई मतलब नहीं, यदि वे चट्टान में है, या वे कहां है, उसके पास उनके लिए कुछ और अच्छा है।

151 परमेश्वर के पास कलीसिया के लिए कुछ और अच्छा है। बस टिके ही ना रहे, "मैं पेंटीकोस्टल हूं।"

152 किसी ने एक बार कहा, "भाई ब्रन्हम... " अरकन्यास ने एक बूढ़ा व्यक्ति, वह चंगा हो गया था। अगले दिन वह अपनी बैसाखी से चारों ओर घूम रहा था। वह सड़क पर पेन्सीले बेच रहा था, वर्षों, वर्षों से। एक बड़े चिन्ह के साथ घूम रहा था, "मुझे अब इनकी और आवश्यकता नहीं है, जब से यीशु मेरे पास आया," चारों ओर घूम रहा था। और उस रात्रि, वह भक्त मंडली में खड़ा हुआ था, और लगभग *इस* प्रकार से, वहां रॉबिंसन मेमोरीअल सभागार लिटिल रॉक में। और उसने कहा, "एक मिनट, भाई ब्रन्हम," (जब मैं प्रचार कर रहा था) उसने कहा, "एक मिनट," कहा, "आप जानते हैं, जब आप प्रचार करते हैं... " वह नाजरीन था उसने कहा,

“आप जानते हैं, आप नाजरीन के समान प्रचार करते हैं। और फिर मैंने ध्यान दिया कि अधिकांश लोग यहां पेंटीकोस्टल में है। और अब किसी ने मुझे बताया कि आप बैपटिस्ट है। मैं यह नहीं समझता।”

153 “ओह,” मैंने कहा, “यह सरल है। मैं पेंटीकोस्टल नाजरीन बैपटिस्ट हूं।” यह बिल्कुल सही है। जी हां, श्रीमान। ओह, भाई वे किस्मे हैं!

154 मैं वहां बैठा करता था, जब हम पशुओं को पहाड़ो पर हफाते थे, मेरे घुटने उस पुरानी बजने वाली काठी के दोनों ओर और वनपाल को पशुओं को देखते हुए देखता कि पशु आ रहे हैं। हमारा तिपायी वाला था, वहां काली वाली डायमंड टी–बार थी। उन में बहुत सी विभिन्न छड़े थी और विभिन्न छापे इधर से निकले। वनपालक ने छापे पर अधिक ध्यान नहीं दिया। उसने लहू वाली लटकन पर अधिक ध्यान दिया।

155 आमीन। यहीं परमेश्वर ध्यान देने जा रहा है वह लहू कि लटकन पर ध्यान दे रहा है वह चिंता नहीं करता कि तुम्हारे ऊपर कौन सा छापा है। क्यों? (उस चरागाह में केवल हैरी फोर्ड की नसलदार ही जा सकते थे।) और स्वर्ग के द्वार से कोई भी प्रवेश नहीं कर सकता, सिवाये नया जन्म प्राप्त किए के, जो यीशु मसीह के लहू के द्वारा है। मैं चिन्ता नहीं करता कि आप क्या करते हैं, आप कितने बुद्धिमान हैं, या कितने अच्छे प्रचारक है, या कलीसिया के कितने अच्छे सदस्य हैं जब तक आप यीशु मसीह के लहू के द्वारा नहीं जन्मे है, वह लहू की लटकन आप पर है, आप कभी भी भीतर नहीं जाएंगे। यही सब वह जो वहां है, “जब मैं लहू को देखता हूं, मैं तुम्हें छोड़ जाऊंगा।” यही है। वह आपको तब ही भीतर आने देगा जब लहू की लटकन ठीक होगी। परमेश्वर अपने ही पुत्र का लहू कलीसिया पर देखेगा।

156 यह बूढ़ी मां उकाब वह इन छोटे उकाबो को देखती है, ओह, हर बार। वे बैठ नहीं सकते। यह हर जगह है यह बस कांटे, कांटे, कांटे हैं।

157 अब पेंटीकोस्टल कलीसिया जो घोसले में है उसके साथ कुछ किया जाना है ताकि वे घोसले से बंधे ना रहे। यह बिल्कुल ठीक है। मैं अब संस्थाओं के विरोध में नहीं हूं इसे अपने मष्तिष्क में ना लें। परंतु, मैं यह कहने का यत्न कर रहा हूं कि यह आपके रुकने का स्थान नहीं है। आप अच्छे हैं। मैं संस्थाओं को पसंद करता हूं मैं उन सब से संबंध रखता हूं। समझे? निश्चय ही, मैं रखता हूं। जी हां, श्रीमान। मैं इसी में जन्मा था। हर

कोई कलीसिया में है; मैं वही जन्मा था। परंतु बस वही ना रुक जाए, केवल उस संस्था में ही ना रुके, सीधे–सीधे परमेश्वर के संग चले, जब तक— जब तक कि आप अकेली उड़ान ना पा ले।

158 अब, पहली बात आप जानते हैं जब उस बूढ़ी मां ने यह निर्णय ले लिया है कि वह अपने बालकों को एक छोटा अनुभव देने जा रही है। अब, वे कलीसिया के सदस्य बनेंगे और सब अच्छा है, परंतु चिपकने लगे हैं। वहां कुछ गड़बड़ है। तब बूढ़ी मां एक दिन घोसले के सामने आती है वह वहां उन छोटे–छोटे को हिलाती है और उनके बहुत से ढीले पंख होते हैं। वह जानती है यदि वह उन छोटे–छोटे को ढीले पंखो के साथ हवा में ले जाएगी, तो वे अपनी गर्दन तोड़ लेंगे।

159 और मैं आपको बताता हूं, यदि पेंटीकोस्टल लोग अपनी कलीसिया कि अच्छी सफाई ना करेंगे तो वे भी अपनी गर्दन तोड़ने जा रहे हैं। आप इसे स्मरण रखें। वहां बहुत से ढीले पंख है। यही वह कारण है।

160 आप जानते है वह क्या करती है? वह घोसले में जाती है, और वह अपने बड़े पंखों से उन पर *इस* प्रकार से हवा करती है। ओह, आप कभी हवाई जहाज के पीछे खड़े नहीं हुए हैं, तब आप को मालूम पड़ेगा, ढीले पंख उड़ जाते हैं, जब तेज हवा उन्हें उड़ाने लगती है उन छोटो–छोटो को, उनके पंखों को।

